प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 सोमवार दिनांक 22.06.2026

मुख्य समाचारः—

- मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत आज रायपुर से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मानसून ने आज छत्तीसगढ़ में दस्तक दी—अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना।
- दुर्ग पुलिस ने म्युल अकाउंट नेटवर्क चलाने और ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार।
- लेखा नियंत्रक कार्यालय रायपुर द्वारा कल 'पेंशन संवाद' का आयोजन किया जाएगा।

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र है।

संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ धाम की यह यात्रा श्रद्धालुओं को केवल आध्यात्मिक अनुभूति ही नहीं बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा और राष्ट्रीय गौरव को निकट से अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगी।

सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से प्रदेश से सोमनाथ के लिए एक हजार से अधिक विशिष्टजन, पद्मश्री, राज्य और राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार तथा साहित्यकार रवाना हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के शिवालयों की पावन भूमि के माटी कलश और पावन नदियों का जल कलश बाबा सोमनाथ को अर्पण करेंगे।

<u>मौसम</u>

छत्तीसगढ़ में आज मानसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने दंतेवाड़ा जिले से प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रवेश की पुष्टि की है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मानसून प्रदेश में सामान्य तिथि की तुलना में करीब दस से बारह दिन की देरी से पहुंचा है।

<u>प्रधानमंत्री–आभार</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक उत्सव बनाने के लिए विश्वभर के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। सोषल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर खुषी होती है कि योग, सभी क्षेत्रों और विभिन्न देषों के लोगों को स्वस्थ जीवन तथा कल्याण की साझा खोज में एकजुट कर रहा है।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कल बीजापुर जिले में कभी माओवादियों का गढ़ रही कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर भी सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। ब्लैक फॉरेस्ट के नाम से मषहूर पांच हजार फीट ऊँची यह पहाड़ी कभी माओवादियों का सबसे सुरक्षित गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले वर्ष ऑपरेषन ब्लैक फॉरेस्ट के तहत सुरक्षा बलों ने माओवादियों के इस गढ़ को ध्वस्त कर दिया था और

तलाशी अभियान के दौरान यहां से भारी मात्रा में हथियार तथा साढे चार सौ से ज्यादा आईईडी बरामद किए गए थे।

सहकारिता मंत्री—नीलामी पोर्टल शुभारंभ

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ—नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह पोर्टल नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और सुगम संचालन को मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया है।

ग्राम सभा

प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के आवास प्लस टू प्वाइंट ओ सर्वे की अंतिम प्राथमिकता सूची के निर्माण के लिए चौबीस जून को राज्य की ग्यारह हजार छह सौ से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं में आवास योजना के लिए सर्वेक्षण के आधार पर तैयार सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया जाएगा। यदि किसी पात्र हितग्राही का नाम सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार की विसंगति दिखाई देती है, तो ग्रामीण ग्रामसभा में दावा और आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे।

अवैध खनन—कार्रवाई

राज्य में खनिज संसाधनों के संरक्षण, उनके नियमानुसार उपयोग और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने शिकायतों के आधार पर कल और आज विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण कर जांच अभियान चलाया। इस दौरान बलौदाबाजार के खपरीडीह में चूनापत्थर के भंडारण स्थल और खदानों में अनियमितता पायी जाने पर छह क्रशर इकाइयों को सीलबंद कर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किए गए। इसी प्रकार

सारंगढ़–बिलाईगढ़ के ग्राम दहिदा में महानदी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन कर रहे मशीन को जब्त कर सीलबंद किया गया।

इसके अलावा मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के दंडाहस्वाही स्थित केवाई नदी, पसौरी, कुटरा तथा हसदेव नदी क्षेत्रों के अवैध रूप से रेत उत्खनन करने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

<u>म्यूल अकाउंट–गिरफ्तार</u>

दुर्ग पुलिस ने ऑनलाइन जुआ–सट्टा और म्यूल अकाउंट नेटवर्क चलाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के पास से इक्यासी एटीएम कार्ड, बासठ बैंक पासबुक, पांच चेकबुक, तेरह मोबाइल, ग्यारह सिम कार्ड, एक लैपटॉप और हार्ड डिस्क सहित करीब ढाई लाख रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक या सिम कार्ड उपयोग के लिए न दें, क्योंकि ऐसे दस्तावेजों का उपयोग साइबर अपराध, ऑनलाइन सट्टा, वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी अवैध गतिविधियों में किया जा सकता है।

<u>आईएसआई युवक–गिरफ्तार</u>

जांजगीर–चांपा जिले की अकलतरा पुलिस ने आतंकी संगठन–आईएसआई के संपर्क में होने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पंजाब निवासी सेवक सिंह पर आरोप है कि वह अकलतरा में रहकर ठेकेदारी के काम की आड़ में मोबाइल के जरिए गोपनीय जानकारी विदेशों में भेज रहा था। जांच में उसके संपर्क पाकिस्तान, सऊदी अरब और मैक्सिको से जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर साइबर सेल को जांच के लिए भेजा है।

गन्ना राशि–भुगतान

कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने ने लगातार दूसरे वर्ष जून माह में ही किसानों को समर्थन मूल्य और अतिरिक्त रिकवरी राशि का शत–प्रतिशत भुगतान कर देश के सहकारी शक्कर उद्योग में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कवर्धा में कल आयोजित एक कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उनतीस करोड़ तिरालीस लाख रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किए।

ढोलकल ट्रैकिंग रूट

वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कष्यप ने दंतेवाड़ा जिले में ढोलकल ट्रैकिंग रूट का लोकार्पण किया। जिला खनिज संस्थान न्यास के तहत करीब इकसठ लाख रुपये की लागत से इसे विकसित किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है इस रूट के शुरू होने से क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

प्रधानमंत्री–बारह साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ क्षेत्र के ओरछा में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए तीन दिवसीय षिविर आयोजित किया गया। "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के तहत हुए इस षिविर प्रषासन को मिले तीन सौ छियानवे आवेदनों में से दो सौ सतहत्तर मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

''पेंशन संवाद''

संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय रायपुर में कल तेईस जून को ''पेंशन संवाद'' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए है, जो संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय के छत्तीसगढ़ सर्कल से अपनी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और उनके सुझाव सुने जाएंगे।

स्केटिंग चौंपियनशिप

कोलकाता में आयोजित ऑल इंडिया ओपन स्पीड स्केटिंग चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के स्केटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पन्द्रह से अधिक पदक जीते हैं। इनमें विशेष रूप से भिलाई से शामिल सभी आठ खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए हैं। इस प्रतियोगिता में देशभर से चार सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

संक्षिप्त समाचार

- राज्य शासन ने आबकारी विभाग के तीस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें जिला आबकारी अधिकारी और सहायक जिला आबकारी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। प्रवीण वर्मा को रायपुर जिले का प्रभारी आबकारी उपायुक्त बनाया गया है।

- उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल में तकनीकी कार्य की वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन और हीराकुंड एक्सप्रेस सोलह से बीस जुलाई के बीच परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

- छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी शिक्षा सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण के लिए तीस जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- कोरबा–सक्ती मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर की टक्कर से दोपहिया सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

<><><><><><>